एक नजर में

## सौभाग्य का प्रतीक हैस्वास्तिक : श्रुत मुनि



इंदौर. जीवन में शीतलता रहेगी तो स्वत: परामात्मा की भक्ति हो जायेगी और परमात्मा की भक्ति से हर संकट टल जाते है. शीतलता में प्रेम का निवास है और प्रेम एक औषधी है. दु:ख दर्द को प्रेम रस पिलाओ और बैकुंठ जाओ. महावीर भवन में यह विचार महावीर भवन में उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने व्यक्ति किए. श्रुतमुनि महाराज ने स्वास्तिक कैसे बनाना और शुध्द कैसे बनाना कैसे अन्तरमन के भावों को शुध्द रखकर बनाना यह सफेद रूमाल पर साधना के साथ स्वंय को बनाना सिखाया. उन्होंने कहा हम स्वस्तिक तो बनाते है परन्तु कैसे ओर किन भावों से बनाते है उसी अनुसार फल मिलता है. सही स्वास्तिक बनाने ओर उचित स्थान पर अंकित करने से घर में सुख समृध्दि और सौभाग्य का आगमन, नकारात्मक उर्जा का दूर होना, आर्थिक लाभ ओर व्यापार में तरक्की, और वास्तु दोष का निवारण हो जाता है. स्वास्तिक सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. स्वस्तिक बनाने से माता लक्ष्मी का आगमन होता है कोई भी शुभ कार्य कि शुरूआत स्वस्तिक से ही होती है. हिन्दू संस्कृति में सभी धर्मो में जिन चिन्हों कि ऋषि मुनियों ने रचना की है उसमें स्वस्तिक का प्रथम स्थान है. करीब 700 श्रध्दालूओं ने स्वयं स्वास्तिक कि रचना कर साधना में भाग लिया, धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

## टेक्नो स्मार्टफोन कर रहा राईड को भी अपग्रेड

इंदौर. टेक्नो मोबाईल इन त्योहारों के अवसर पर अपने लेटेस्ट स्मार्टफोंस पर 100 करोड़ रुपये की जबरदस्त डील्स लेकर आया है, जिनके अंतर्गत टेक्नो स्मार्टफोन खरीदने वाले एक भाग्यशाली विजेता को मिलेगी महिंद्रा बीई6. टेक्नो अपने स्मार्टफोन के इनोवेटिव फीचर्स, स्टाईलिश डिज़ाईन और शानदार ऑफर्स के साथ हर ग्राहक के लिए त्योहारों को ज्यादा खुशनुमा, स्मार्ट और लाभदायक बना रहा है. 22 सितंबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले टेक्नो त्योहार अभियान के अंतर्गत टेक्नो स्मार्टफोन पर ग्राहकों को लकी ड्रॉ में प्रवेश करने और शानदार पुरस्कार जीतने का अवसर मिल रहा है. इन पुरस्कारों में 2025 महिंद्रा बीई6, 1 ग्राम और 0 .5 ग्राम के गोल्ड वाउचर तथा 3, 6 और 12 महीने की एक्सटेंडेड वॉरंटी और 3 एवं 6 महीने के लिए एक बार स्क्रीन रिप्लेसमेंट प्रोटेक्शन शामिल है. टेक्नो पोवा स्लिम 5जी अभी तक का सबसे स्लिम 5जी स्मार्टफोन है।इसकी मोटाई केवल 5 .95 मिमी है.

## एचएंडएम ब्यूटी कॉन्सेप्ट भारत में किया लांच

इंदौर. एच एंड एम गर्व के साथ भारत में एच एंड एम ब्यूटी कॉन्सेप्ट के पहले लॉन्च की घोषणा करता है, जो फैशन और होम कॉन्सेप्ट से आगे बढ़कर ब्यूटी के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। इस पदार्पण के साथ ट्रेंड-ड्रिवेन, समावेशी और सुलभ ब्यूटी लाइनअप पेश किया गया है. इंदौर में यह कलेक्शन ट्रेजर आइलैंड 2, अपोलो प्रीमियर और फीनिक्स सिटाडेल में उपलब्ध होगा. एच एंड एम इंडिया की निदेशक हेलेना कुएलेंसटिएरना ने कहा हमें भारत में एच एंड एम कॉन्सेप्ट पेश करने पर बेहद खुशी है. यह लॉन्च हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे और भी खास बनाता है कि हम एच एंड एम इंडिया के 10 वर्षों का जश्न मना रहे हैं. यह फैशन और ब्यूटी को अधिक सुलभ बनाने और देशभर में फैशन उत्साही ग्राहकों तक पहुँचने के हमारे संकल्प को दर्शाता है.

## अमेजन फ्रेश का 270 से अधिक शहरों में विस्तार

इंदौर. अमेजन इंडिया ने जारी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरानअमेजन फ्रेश को देश भर के 270 से अधिक शहरों में विस्तार करने की आज घोषणा की. यह मील का पत्थर अमेज़न की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह ताजे फल और सब्जियां, किरानेका सामान, घरेलू आवश्यकताएं और क्षेत्रीय पसंदीदा उत्पाद लाखों ग्राहकों तक भारत मेंउपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है. अमेजन फ्रेश इंडिया के निदेशक श्रीकांत श्री राम ने कहा अमेजन फ्रेश ने सिर्फ दो साल मेंअपनी पहुंच में 4 .5 गुना और उत्पाद चयन में 10 गुना वृद्धि की है, जिससे पूरे भारत में परिवारोंके लिए ऑनलाइन किराने की खरीदारी का तरीका बदल गया है. 270 से अधिक शहरों मेंविस्तार करके, हम घरेलू आवश्यकताओं और त्योहारों के पसंदीदा उत्पादों को पहले से कहींअधिक घरों तक उपलब्ध करा रहे हैं. यह अमेजन फ्रेश विक्रेताओं के नेटवर्क और शहरों मेंमौजूदगी के विस्तार के साथ-साथ अमेजन की उन्नत डिलीवरी क्षमताओं के कारण संभव हुआहै, जिसने भारत के सबसे बड़े ओमनी चैनल किराने के नेटवर्क में से एक स्थापित किया है.

## सक्षम के तत्वावधान में अष्टावक्र जयंती समारोह सम्पन्न



इंदौर. सक्षम (समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल) जिला इकाई इंदौर द्वारा अष्टावक्र जयंती का आयोजन आसरा स्कूल संगम नगर इन्दौर में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं संत अष्टावक्र के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ. अध्यक्षीय स्वागत उद्बोधन में सक्षम जिला अध्यक्ष नानूराम राठौर ने अतिथियों का स्वागत किया. दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सक्षम के हर्ष शर्मा थे।विशेष अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष संतोष साबू ने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर के.सी.जैन, संजय लोखंडे, नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड प्रमुख हेमंत भगत, आशीष कुट्टी, महेंद्र गुड़गांवकर,अशोक टेमले, प्रदेश महिला आयाम प्रमुख श्रीमती मीनाक्षी भावसार, रुद्र फडनीस, श्रीमती मीनाक्षी भावसार आदि उपस्थित थे.

## रिएलिटी रानीज़ ऑफ़ द जंगल सीज़न 2

इंदौर. वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी का 'रिएलिटी रानीज़ ऑफ़ द जंगल सीज़न 2' ज़बरदस्त रोमांच के साथ आया है. इस बार, पूरा ऑल-विमेन एडवेंचर शिफ़्ट हुआ है गोवा के समुद्री तटों पर. यहाँ लहरों की टक्कर, मचलती रेत और सर्वाइवल चुनौतियों के बीच घिरी हैं 12 कंटेस्टेंट्स, जो भिड़ेंगी रिएलिटी रानी ऑफ़ द जंगल का ताज जीतने के लिए. सीज़न 1 की शानदार सफलता के बाद, नया सीज़न और बड़े मूव्स, ज़्यादा कड़ी प्रतिद्वंद्विताएँ और डबल ड्रामा लेकर आया है, जो कंटेस्टेंट्स को उनकी शारीरिक और इमोशनल लिमिट्स तक ले जाएगा।वरुण सूद लौटे हैं अपनी ट्रेडमार्क एनर्जी के साथ, रानियों को अब तक के सबसे कठिन एडवेंचर का सामना करवाते हुए. अर्जुन नोहर, मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने कहा रिएलिटी-एडवेंचर आज के दौर का सबसे डायनेमिक जॉनर बन गया है. यह असल ज़िन्दगी के भाव को दर्शकों के सामने लाता है और उनसे जुड़ जाता है. रिएलिटी रानीज़ ऑफ़ द जंगल बोल्ड एंटरटेनमेंट और ऑथेंटिक स्टोरीटेलिंग का परफ़ेक्ट मेल है, और नया सीज़न इस कनेक्शन को और नेक्स्ट लेवल पर ले जाता है.

## वॉल्वो ईएक्स30 नेस्टाइल के साथ रखा कदम

इंदौर. वॉल्वो कार इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित वॉल्वो ईएक्स30 की कीमतों का एलान कर दिया. यह ब्रांड की सबसे ज्यादा सस्टेनेबल एवं स्टाइलिश इलेक्ट्रिक कार है. 41,00,000 रुपये की इंट्रोडक्टरी एक्स-शोरूम कीमत के साथ ईएक्स30 लक्जरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तक पहुंच को आसान बनाने के लिए तैयार है. इस त्योहारी सीजन में वॉल्वो कार इंडिया अपने डीलर्स के साथ मिलकर 19 अक्टूबर, 2025 से पहले प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 39,99,000 रुपये की विशेष कीमत में ईएक्स30 की बुकिंग का मौका देते हुए खुशियां बांट रही है. यह स्पेशल प्री-रिजर्स कीमत सीमित समय के लिए है।ज्यादा जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप पर संपर्क कर सकते हैं. वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा ने कहा प्री-रिजर्व करने वालों के लिए स्पेशल बेनिफिट के साथ इस शानदार कीमत पर भारतीय बाजार में वॉल्वो ईएक्स30 को पेश करते हुए हम रोमांचित हैं. हमें भरोसा है कि यह मॉडल ऐसे इनोवेटर्स एवं अचीवर्स के नए सेगमेंट के बीच लक्जरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की अपील को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा, जो पावर, डिजाइन और सस्टेनेबल लक्जरी के प्रशंसक हैं.





होलकर स्टेडियम में बुधवार से आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के मुकाबले शुरू हो रहे हैं. 1 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में मुकाबला होगा. इसके लिए मंगलवार को दोनों टीमों में प्रेक्टिस सेशन में पसीना बहाया.

# होलकर स्टेडियम में आज आस्ट्रेलिया- न्यूजीलैंड के बीच मैच, यातायात व्यवस्था बदलेगी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज होलकर स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच विमेंस वर्ल्ड कप का पहला मैच खेला जाएगा. इस दौरान स्टेडियम और आसपास के मार्गों पर यातायात पूरी तरह परिवर्तित रहेगा. इसके लिए यातायात पुलिस ने प्लान तैयार किया है.**

स्टेडियम में प्रवेश हुकुमचंद घंटाघर और पंचम की फेल की ओर से आने वाले दर्शकों के लिए जंजीरवाला चौराहा से होगा. लेंटर्न तरफ से आने वाले दर्शक पैदल स्टेडियम तक पहुँच सकते हैं. केवल पासधारी वाहनों को ही स्टेडियम के अंदर प्रवेश की अनुमति होगी. इस दौरान पार्किंग व्यवस्था भी इस प्रकार रखी गई है. पासधारक वाहन यशवंत क्लब, अभय प्रशाल, आईटीसी पार्किंग, बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स, विवेकानंद स्कूल और आईडीए परिसर में. सामान्य वाहन- बाल विनय मंदिर स्कूल, जीएसआईटीएस कैम्पस और पंचम की फेल में पहले आओ-पहले पार्क करो के आधार पर पार्क किए जाएंगे. विशेष रूप से स्टेडियम के आसपास पार्किंग लगभग नहीं है. सिटी बस या लोक परिवहन का उपयोग करना बेहतर रहेगा. लेटर्न चौराहा से जंजीरवाला चौराहा की ओर का मार्ग दोपहर एक बजे से मैच समाप्ति तक केवल पासधारी और इमरजेंसी वाहनों के लिए खुला रहेगा. एम.जी. रोड, रेसकोर्स रोड, भंडारी ब्रिज और राजकुमार ब्रिज के सर्किल में लोडिंग वाहनों का प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा. अन्य वाहनों को रीगल चौराहा, गीताभवन चौराहा, विजय नगर और मालवा मिल मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा. वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन सिटी बस, मैजिक या ऑटो से ही स्टेडियम पहुंच सकते हैं.

इन मार्गों का करें इस्तेमाल

वहीं पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह पलासिया, घंटाघर, हाईकोर्ट, रीगल चौराहा, मालवा मिल और गीताभवन मार्गों का इस्तेमाल कम ही करें. यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें. स्टेडियम के नजदीक घंटाघर और हाईकोर्ट चौराहा के आसपास यात्रियों को उतारकर पैदल स्टेडियम तक पहुँचाया जाएगा. ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि ये व्यवस्था दर्शकों की भीड़ और सड़क पर यातायात के दबाव को देखते हुए आवश्यकतानुसार बदली जा सकती है.

# बुजुर्ग महिला को दिलाई हाथों-हाथ सुनने वाली मशीन

- कलेक्टर की संवेदनशीलता फिर आई सामने
- प्रत्येक आवेदन को दर्ज कर समयसीमा में निराकृत करने के दिए निर्देश

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा की सहजता और संवेदनशीलता आज फिर सामने आई. जनसुनवाई में अपनी पारिवारिक समस्या को लेकर पहुंची बुजुर्ग महिला की अनचाही समस्या का भी हाथों-हाथ निराकरण हो गया.**

कलेक्टर शिवम वर्मा के पास अपनी समस्या लेकर आई बुजुर्ग महिला अंबिका वर्मा ने बताया कि वे अपने पुत्रों और बहुओं से परेशान है. बातचीत में कलेक्टर श्री वर्मा को बुजुर्ग महिला की सुनने की क्षमता कम दिखाई दी. बुजुर्ग महिला से पूछा की उन्हें सुनने में समस्या आती है? महिला ने बताया कि हाँ, मुझे सुनने में भी परेशानी आती है. कलेक्टर ने तुरंत ही श्रवण यंत्र मंगाकर महिला को उपलब्ध कराया.



### अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश

जनसुनवाई में प्रत्येक आवेदक को बैठाकर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना गया और समाधान के ठोस प्रयास किए गए. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर गौरव बैनल, नवजीवन पंवार, रोशन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे. उन्होंने भी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान सुनिश्चित किया. विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्वयं जनसुनवाई में उपस्थित रहें, नागरिकों की समस्याएं सुने और उनका निराकरण करें. जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन संपत्ति और पारिवारिक विवाद, प्लॉट आवंटन, कॉलोनी विकास, भरण-पोषण आदि के थे.

अपने जीवन से जुड़ी इस समस्या के हल होते से ही महिला बेहद खुश हुई और कलेक्टर को दुआएं देने लगी. कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने महिला को आश्वस्त किया कि उसकी मूल समस्या का भी सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा. कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक आवेदन को दर्ज किया जाए. आवेदकों को बैठाकर इत्मिनान से उनकी समस्याएं सुनकर सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें।जो समस्याएं हाथो-हाथ निराकृत नहीं हो सकती है, उनके निराकरण की समयसीमा तय की जाए. इसी तरह एक आवेदक गोविन्द भी अपनी समस्या लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुँचा. उसने बताया कि मैं अनाथ हूँ और जीवन यापन का कोई सहारा नहीं है।कलेक्टर श्री वर्मा ने उक्त युवा की समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बड़ी संख्या में आवेदकों को अपने समक्ष बैठाकर सहजता के साथ उनकी समस्याओं को सुना और यथोचित निराकरण किया.



# हिन्दी महोत्सव में डिजिटल प्रतियोगिताएँ

इन्दौर. हिन्दी भाषा को प्रचारित, प्रसारित करने के उद्देश्य से सितम्बर माह को मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा हिन्दी माह के रूप में मनाया जाता है. इस माह में संस्थान द्वारा हिन्दी महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया.

विगत 6 वर्षों से लगातार मनाए जा रहे हिन्दी महोत्सव 2025 के अंतर्गत देश के विभिन्न शहरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं संस्थान द्वारा डिजिटल रूप से प्रतिदिन हिन्दी की विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. इन्दौर, दिल्ली, बिलासपुर, सनावद सहित कई शहरों में लघुकथा मन्थन, प्रतिभा सम्मान, विद्या रत्न सम्मान, भाषा सारथी सम्मान, पुस्तक विमोचन, कविताई, जीवन गौरव सम्मान, बाल कवि सम्मेलन इत्यादि कई आयोजन हुए. इसी के साथ मातृभाषा.कॉम द्वारा प्रारंभिक 15 दिनों में डिजिटल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिसमें सैंकड़ों साहित्यकारों ने हिस्सा लिया. डिजिटल महोत्सव का संयोजन संस्थान की राष्ट्रीय सचिव भावना शर्मा व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिखा जैन ने किया. संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनाएँ दीं.

## सिकल सेल रोग से बचाव हेतु नि :शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर कल

**इंदौर/ बड़वानी.** सिकल सेल रोग की रोकथाम और ग्रामीणजनों के स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रानी काज़ल माता वनवासी समिति द्वारा 3 अक्टूबर को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है. यह शिविर प्रात: 8.30 बजे से इंदल धाम मटली, ग्राम मटली, तहसील राजपुर, जिला बड़वानी में होगा.

इस शिविर में इंदौर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी, सदस्य केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों को सिकल सेल रोग की रोकथाम व बचाव संबंधी जानकारी देंगे. साथ ही, नि:शुल्क होम्योपैथी परामर्श और औषधि वितरण की व्यवस्था भी की गई है. उल्लेखनीय है कि पिछले 27 वर्षों से डॉ. एके द्विवेदी एनीमिया एवं उससे संबंधित बीमारियों के उपचार और जागरूकता हेतु कार्यरत हैं. प्रतिवर्ष एनीमिया जागरूकता रथ निकालते हैं. घर-घर जाकर लोगों को पौष्टिक आहार जैसे गुड़, चना, खजूर, मुनक्का आदि वितरित करते हैं.सिकल सेल एनीमिया रोगियों को नि:शुल्क औषधि और परामर्श उपलब्ध कराते हैं. इंदौर केंद्रीय जेल में पिछले 20 वर्षों से कैदियों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा दे रहे हैं.

# सैटलाइट वैली के प्लॉट मालिकों ने किया कलेक्टर कार्यालय में हंगामा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज कलेक्टर जनसुनवाई में असरावद बुजुर्ग की सैटलाइट वेली कॉलोनी के रहवासियों ने हंगामा किया. हंगामे की वजह यह थी कि कॉलोनी का विकास और भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी जा रही है. खास बात यह है कि उक्त कॉलोनी भू माफिया चिराग शाह, अतुल सुराणा, अरुण डागरिया और पुष्पेंद्र ठाकुर ने काटी है.**




आज कलेक्टर कार्यालय की पहली मंजिल पर जन सुनवाई कक्ष के बाहर एक कॉलोनी के प्लेट मालिकों ने जमकर नारेबाजी और हंगामा किया. प्लॉटधारकों तहसील इंदौर के गांव असरावद बुर्ज सेटेलाइट वेली कॉलोनी के थे. प्लॉट धारकों की मांग थी कि 2006 में प्लॉट खरीदे है और आज तक कॉलोनी में विकास अनुमति नहीं दी गई है. कॉलोनी के विकास कार्य सड़क, ड्रेनेज आदि भी नहीं डाले है. प्लॉट धारकों ने कॉलोनाइजर चिराग शाह, अतुल सुराणा, अरुण डागरिया, पुष्पेंद्र ठाकुर के खिलाफ एफआईआर करने और अन्य कारवाई करने के मांग की. साथ ही कलेक्टर से मामले हस्तक्षेप कर नगर निगम से विकास कार्यों को करवाने की भी मांग की. प्लॉट धारकों ने आज भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि कितनी बार जनसुनवाई में आ चुके है. हर बार तारीख और आवेदन इधर उधर देकर टरका दिया जाता है. आज हम कुछ फाइनल निर्णय करने पर ही हटेंगे. इस दौरान एसडीएम विनोद राठौर समझने आए , लेकिन प्लॉट मालिकों ने उनकी नहीं सुनी और कलेक्टर शिवम वर्मा से ही बात कर निर्णय लेने की मांग की. मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा ने अपर कलेक्टर गौरव बेनल को समस्या का सकारात्मक हल निकालने और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए. ध्यान रहे कि अरुण डागरिया और महेंद्र जैन पर पिछले साल प्रशासन प्रिंसेस स्टेट कॉलोनी के मामले में एफआईआर दर्ज कारवाई थी. डागरिया जेल भी रहकर आया है.

एक नजर में

चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में आइएसएसओ नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ ट्राफी का फैसला

**इंदौर. देश और विदेश से आई टीमों के बीच आइएसएसओ नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों का सफर मंगलवार को खिताबी टक्कर के साथ समाप्त हुआ. अधिकांश मैचों में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने अपना दबदबा बनाया.**

चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में खेली गई स्पर्धा में बालक अंडर-14 आयु वर्ग के फाइनल में बेंगलुरू के इंडस स्कूल की टीम ने जयश्री स्कूल को 4-0 से पराजित किया. बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल में धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने बीडी सोमानी इंटरनेशनल स्कूल की टीम को 2-1 से हराते हुए ट्राफी अपने नाम की. बालक वर्ग में ओबेराय स्कूल को तीसरा स्थान मिला जबकि बालिका वर्ग में डान




बास्को स्कूल ने कांस्य पदक हासिल किया. बालक वर्ग में चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल को प्रतिभाशाली टीम का पुरस्कार मिला. बालक अंडर-14 वर्ग में गोल्डन ग्लोब अवार्ड निवान शेट्टी को दिया गया. प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मोहम्मद रेयान जबकि उभरते हुए खिलाड़ी रिनोद मेनन चुने गए. बालिका अंडर-17 वर्ग में गोल्डन ग्लोब अवार्ड अनन्या सालविया ने हासिल किया. प्लेयर आफ द टूर्नामेंट महिका परवीर को और उभरती हुई खिलाड़ी का पुरस्कार शहिस्ता व्यास ने हासिल किया. पुरस्कार वितरण अखिल भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर के आतिथ्य में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता चोइथराम समूह के चेयरमैन सतीश मोतीयानी ने की. इस दौरान प्रिंसिपल डा. ऋचा चतुर्वेदी और स्पोर्ट्स फैसिलिटी कोऑर्डिनेटर एवं मैनेजर प्रवीण सिंगला हेड बॉय शिवांश यादव, हेड गर्ल तनिशी जोशीभी उपस्थित थीं। आईएसएसओ निदेशक श्री अभिषेक सरस्वत ने आभार माना.

# सांस्कृतिक व सामाजिक एकता को बनाए रखने में हिन्दी की महत्वपूर्ण भूमिका

## आकाशवाणी में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह

**इंदौर.** आकाशवाणी केंद्र इंदौर द्वारा आयोजित राजभाषा पखवाड़े के समापन अवसर पर पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओ को पुरस्कृत किया गया. इस अवसर केन्द्रीय संचार ब्यूरो इंदौर प्रमुख दिलीप सिंह परमार बतौर मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र निदेशक सुदर्शन अंसोलिया ने की. कार्यक्रम में कार्यक्रम हेड श्री ब्रह्म प्रकाश चतुर्वेदी, उप निदेशक




अभय गुप्ता सहिता आकाशवाणी केंद्र के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे.

सभी मंचीय गणमान्य जनों ने हिन्दी के शतप्रतिशत उपयोग करने के साथ ही उसके प्रचार प्रसार पर जोर दिया। श्री परमार ने कहा कि विश्व पटल पर हिन्दी हमारी शान और पहचान है. वहीं श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कई भाषा सिखी जा सकती है, परन्तु हिन्दी को आत्मसात करें और पूरा प्रयास हो कि हिन्दी की शुद्धता बनी रहे. केन्द्र निदेशक श्री अंसोलिया ने कहा कि अहिन्दी क्षेत्र के लोग भी हिन्दी सीखना और बोलना चाहते है और वह ऐसा कर भी रहे है. हिन्दी हिन्दुस्तान को जोड़ती है, और भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है,